राहुल की रैलियों में उमड़ रही भीड़ से प्रधानमंत्री परेशान : तिवारी

वड़ोदरा 6 दिसम्बर (ए)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी ने कहा कि गुजरात में पार्टी उपाध्यक्ष राहुल गांधी की रैलियों में उमड़ रही भीड़ चुनाव में कांग्रेस पार्टी की किस्मत पलटने का संकेत देती है। तिवारी ने यह भी कहा कि राहुल की रैलियों को मिल रही प्रतिक्रिया को देखने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने गृह राज्य में अपना प्रचार अभियान तेज किया। तिवारी ने संवाददाताओं से कहा, ''पिछले कुछ दिनों में मोदी ने गुजरात में 12 से अधिक रैलियों को संबोधित किया है। प्रधानमंत्री ने अपना प्रचार अभियान इसलिये तेज कर दिया है क्योंकि वह राज्य के विभिन्न हिस्सों में कांग्रेस उपाध्यक्ष की रैलियों में उमड़ रही भारी भीड़ से चिंतित हैं।'' उन्होंने कहा कि राहुल की रैलियों ने गुजरात की जनता की उम्मीदों को बढ़ा दिया है।कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि गुजरात में इस बार कांग्रेस की चुनावी किस्मत पलटने जा रही है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि एक विधानसभा चुनाव के लिये इतना प्रचार करना प्रधानमंत्री के लिये 'अप्रत्याशित' है।

एनएसजी कमांडो ने पत्नी-साली को गोली मारकर की खुदकुशी

नई दिल्ली 6 दिसम्बर (ए)। गुड़गांव में एक नेशनल सिक्युरिटी गार्ड ने पत्नी और साली को गोली मारने के बाद खुदकुशी कर ली। घटना मंगलवार सुबह मानेसर के एनएसजी कैंप में हुई। दोनों महिलाओं को गंभीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, कमांडो ने सर्विस रिवॉल्वर से गोलियां चलाई हैं। फिलहाल, घटना के पीछे की वजह साफ नहीं है। एसीपी मानेसर, धर्मवीर सिंह ने बताया कि कमांडो जितेंद्र कुमार एनएसजी कैंपस के मकान नंबर 42 में फैमिली के साथ रहता था। सुबह किसी बात पर जितेंद्र ने सर्विस रिवॉल्वर से पत्नी गुदन और साली खुशबू को गोली मारी। इसके बाद खुद भी सुसाइड कर लिया। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो जितेंद्र की मौत हो चुकी थी। पत्नी और साली को रॉकलैंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। उनकी हालत गंभीर है। फिलहाल, घटना के पीछे की वजह साफ नहीं हो पाई है।

राज्य में लोगों के पुनर्वास के लिए चिंतित हैं महबूबा मुफ्ती : पीडीपी

जम्मू 6 दिसम्बर (ए)। जम्मू-कश्मीर की पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने कहा है कि राज्य में अशांति से पीड़ित हुए लोगों का पुनर्वास कराने के लिए मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती चिंतित हैं। पार्टी द्वारा यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब इसके सहयोगी दल भाजपा ने कल कहा था कि आतंकवाद के खिलाफ सुशासित प्रदेश ही एक मात्र रास्ता है। पीडीपी के उपाध्यक्ष सरताज मदनी ने कहा, अशांति से पीड़ित हुए लोगों का पुनर्वास और सबसे ज्यादा प्रभावित हुए लोगों को संसाधन और सहायता मुहैया कराना मुख्यमंत्री की इच्छा है और इसे वह पूरी सहानुभूति के साथ पूरा करना चाहती हैं।

योगी सरकार ने जताई तीन तलाक संबंधी विधेयक के मसौदे पर सहमति

लखनऊ 6 दिसम्बर (ए)। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने तीन तलाक पर केन्द्र के प्रस्तावित विधेयक के मसौदे से सहमति व्यक्त की है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कल शाम हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में तीन तलाक पर प्रस्तावित विधेयक के मसौदे पर रजामंदी जाहिर की गयी। राज्य सरकार के प्रवक्ता स्वास्थ्य मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने यहां बताया कि केन्द्र ने राज्य सरकार को वह मसविदा भेजते हुए 10 दिसम्बर तक उस पर राय देने को कहा था। मंत्रिपरिषद की सहमति मिलने के बाद इसे वापस केन्द्र के पास भेजा जाएगा। मसौदे में तीन तलाक या तलाक-ए-बिद्दत संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध करार देते हुए इसके दोषी को तीन साल कैद की सजा का प्रावधान किया गया है। साथ ही तीन तलाक देने पर पत्नी और बच्चों के भरण-पोषण का खर्च भी देना होगा। गत 22 अगस्त को उच्चतम न्यायालय ने तीन तलाक को असंवैधानिक करार दिया था।

गौर सिटी में मां बेटी की बेरहमी से हत्या

नोएडा 6 दिसम्बर (ए)। थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी दो में रहने वाली एक महिला और उसकी बेटी की पीट-पीटकर निर्ममता से हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस को महिला के बेटे पर शक है जो घटना के बाद से फरार है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लव कुमार ने बताया कि थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी दो के 11वें एवन्यू के फ्लैट नंबर 1446 में टाइल्स व्यापारी सौम्य अग्रवाल अपने परिवार सहित रहते हैं। वह कुछ दिन से कारोबार के सिलसिले में राजस्थान गए है। उनके घर पर पत्नी अंजलि अग्रवाल 42 वर्ष बेटी मणिकर्णिका अग्रवाल 11 वर्ष व बेटा प्रखर अग्रवाल 15 वर्ष घर पर थे। उन्होंने बताया कि बीती रात को उनके मौसी के बेटे विराट ने पुलिस को सूचना दी कि सौम्य अग्रवाल के घर पर वह बार-बार फोन कर रहे हैं, लेकिन कोई फोन नहीं उठा रहा है। जब उन्होंने मौके पर आकर देखा तो घर के बाहर के गेट पर ताला लगा है । सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घर का ताला तोड़कर देखा तो घर के अंदर अंजलि और मणिकणिका का लहूलुहान शव पड़ा था। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह हत्या 4 दिसंबर को की गई है। फ्लैट के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में मृतका का बेटा खून से सने कपड़े बदलते हुए पाया गया है। पुलिस को शक है कि यह हत्या बेटे ने की है। घटना के समय से वह फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। एसएसपी ने बताया कि विराट ने अग्यात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कैलिफोर्निया में तेज हवा के चलते और प्रचंड हुई आग

वेंतुरा 6 दिसम्बर (ए)। कैलिफोर्निया में लगी तेज हवा के चलते भीषण रूप ले चुकी है जिससे गहरा नुकसान होने की आशंका है। आग के कारण हजारों लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है। कैलिफोर्निया में दो महीने में दूसरी बार आग लगने की घटना हुई है। आग से सबसे अधिक क्षति पश्चिमोत्तर लॉस एंजिलिस के वेंतुरा काउंटी में दिखी जहां 150 इमारतों के नष्ट होने की पुष्टि हुई है। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने हालांकि आशंका जताई है कि ''सैकड़ों और घर'' आग की चपेट में आये होंगे और व्यापक पैमाने पर संपत्ति जलकर खाक हुई होगी। शहर से करीब 45 मील (72 किलोमीटर) की दूरी पर स्थित लॉस एंजिलिस के निचले पर्वतीय क्षेत्र सैन गैबरिएल में 30 इमारतें जलकर खाक हो गयी हैं। मेयर एरिक गारसेट्टी ने कहा कि तेज हवाओं ने हालात को और भयावह बना दिया है और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने 150,000 लोगों को अनिवार्य रूप से अपने घरों से चले जाने के लिये कहा है अन्यथा कहीं देर न हो जाये।

गोधरा कांड ने बदल डाला गुजरात का ताना-बाना

ગોધરા જંક્શન
गोधरा जंक्शन
GODHRA JUNCTION

गोधरा 6 दिसम्बर (ए)। गुजरात का चुनाव हो और गोधरा का जिक्र न हो, यह मुमकिन ही नहीं। 15 साल पहले इसी जंक्शन पर साबरमती एक्सप्रेस के एक डिब्बे में आग लगाए जाने के बाद 59 कारसेवकों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद भड़के दंगों ने गुजरात का सामाजिक-राजनीतिक ताना-बाना बदल डाला। गोधरा जंक्शन पर वह डिब्बा अभी भी खड़ा हुआ है। वक्त शाम के सवा चार हो रहे हैं। जंक्शन के करीब एक मस्जिद से अजान की आवाज सुनाई पड़ते ही नमाजियों के कदम मस्जिद की ओर बढ़ने लग जाते हैं।

दगोधरा की नब्ज को पकड़ने के लिए नमाजियों के साथ कदमताल बेहतर मौका था। मेरे ठीक बगल एक बुजुर्ग चल रहे थे। मस्जिद में दखिल होने से पहले मेरा उनसे एक सवाल होता है ः 15 साल में माहौल में कितना बदलाव आया है? वह ठहरते हैं और मेरे कंधे पर हाथ रखते हुए एक शेर सुनाते हैं ः इक ये ख्वाहिश कि कोई जख्म न देखे दिल का, इक ये हसरत कि कोई देखने वाला होता। वह मुझे सलाह देते हैं कि पास ही कासिमाबाद है, वहां चले चले जाना।

मदीना शेख से मुलाकात : दरअसल कासिमाबाद वह जगह है, जहां 2002 में गोधरा में भड़के दंगों के बाद जान-माल गंवाने वाले कोई डेढ़ सौ परिवारों को विस्थापित किया गया है। ये गोधरा और उसके आस-पास के रहने वाले लोग हैं। 15 साल बाद भी वे अपने घरों को वापस नहीं जाना चाहते हैं। इन्हीं परिवारों में एक परिवार है मदीना शेख का। वह यहां दो बेटों-दो बेटियों और एक बहू के साथ रहती हैं। उम्र यही कोई 48-50 साल के करीब। गरीब भी और पढ़ी-लिखीं भी नहीं। गोधरा दंगों में उनकी नजरों के सामने उनके परिवार के 13 लोगों को मार डाला गया था, इनमें उनके पति भी शामिल थे। परिवार में उनके साथ बचे थे तो उनके चार बहुत छोटे-छोटे बच्चे। दंगों के दौरान बच्चों के बचाने के लिए खेतों में छुपती फिरती रहीं।

दंगे की आग बुझने के बाद जब उन्हें विस्थापित कैंप में लाया गया तो उन्होंने खुद को किस्मत के भरोसे नहीं डाला, बल्कि बच्चों का मुस्तकबिल बनाने के लिए संघर्ष शुरू किया। उन्होंने दूसरों के घरों में काम करना शुरू किया। खाने के नाम पर उनके घर सिर्फ एक वक्त चूल्हा जला, लेकिन उन्होंने अपने बच्चों की पढ़ाई को जारी रखा। उनकी इस जेद्दोजेहद के जरिए उनकी दो जुड़वा बेटियों ने बीएससी की पढ़ाई पूरी की। दोनों को अब जॉब मिल चुकी है। दो बेटों में भी एक को मिकैनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कराया और दूसरे को आईटीआई। दोनों बेटों को भी अब नौकरी मिल चुकी है, जिसमें से एक बेटे की उन्होंने अब शादी भी कर दी है।

आग बुझाने का यही जरिया था : इतने बड़े हादसे के बाद बेटे-बेटियों को इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए संघर्ष की हिम्मत कैसे आई, मदीना का जवाब है, अपनी नजरों के सामने परिवार के 13-13 लोगों को मार दिए जाने का मंजर उनके अंदर आग जलाए हुए था, उसे बुझाने का बस एक ही जरिया समझ में आया कि मुझे अपने बेटे-बेटियों को पढ़ाकर उन्हें ऊंचाईयों पर पहुंचाना है। मदीना शेख 2002 के दंगों को लेकर ज्यादा बात नहीं करना चाहतीं। कहती हैं कि अब 2018 आने वाला है, उसकी बात करो।

2002 को याद नहीं रखना चाहते : केवल मदीना शेख ही नहीं, गोधरा में जितनी भी मुस्लिम आबादी है, वह अब 2002 को लेकर कोई बात नहीं करना चाहती है। अलग-अलग पेशे के लोगों से बात की, सबका जवाब यही था कि छोड़िए भी, जो हमने खोया, वह वापस नहीं हो सकता। कोशिश यही होनी चाहिए कि इसका दोहराव न हो। पढ़ाई कर रहे 25 साल के हबीब अनवर कहते हैं कि एजुकेशन और जॉब हमारे मुस्तकबिल को बदल सकते हैं। हमको उसके लिए ही हर मुमकिन कोशिश करते रहनी चाहिए। गोधरा में चुनावी समीकरण क्या देख रहे हैं, इस सवाल पर शेख सुलेमान कहते हैं कि हम पॉलिटिक्स में नहीं उलझना चाहते। वहीं से दुश्मनी की बुनियाद पड़ती है। सभी अपना अच्छा बुरा समझते हैं। वोट तो सबका संवैधानिक अधिकार है।

चीन और रूस के विदेश मंत्री 11 दिसंबर को भारत के दौरे पर आएंगे

नयी दिल्ली 6 दिसम्बर (ए)। रूस और चीन के विदेश मंत्री 11 दिसंबर को भारत के दौरे पर आ रहे हैं। यह त्रिपक्षीय बैठक काफी लंबे समय से प्रतीक्षित था। विदेश मंत्रियों के बीच होने वाली बैठक में आपसी हित वाले वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों की समीक्षा होने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि चीन के विदेश मंत्री वांग यी और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव इस त्रिपक्षीय बैठक के लिए भारत आएंगे। डोकलाम गतिरोध के बाद चीन की यह पहली उच्च स्तरीय बैठक होगी। मंत्रालय ने बताया, इस बैठक में आपसी हितों वाले वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों के साथ-साथ त्रिपक्षीय आदान-प्रदान और गतिविधियों की समीक्षा होने की उम्मीद है। बैठक के बाद एक संयुक्त बयान जारी होने की उम्मीद है। विदेश मंत्रियों की बैठक यहां अप्रैल में ही होने वाली थी लेकिन तारीख की समस्या की वजह से चीन के विदेश मंत्री वांग द्वारा शामिल होने की पुष्टि नहीं किए जाने के बाद यह स्थगित कर दिया गया था। उस समय ऐसी मीडिया रिपोर्ट आई थी कि भारत द्वारा दलाई लामा को अरुणाचल प्रदेश की यात्रा करने की अनुमति देने का विरोध करने के लिए चीन ने यह यात्रा रद्द कर दी। चीन ने इन खबरों को खारिज कर दिया था। मंत्रालय ने कहा है कि लावरोव और वांग भारत की विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे।

ओडिशा के जिले में बाल विवाह से जंग लड़ते युवा

ओडिशा 6 दिसम्बर (ए)। ओडिशा के गोमोकपादार गांव की रायमति सौंटा ने पांच साल पहले 14 साल की नन्ही सी उम्र में शादी करने से इनकार कर अपने आस पास के लोगों के लिये एक नजीर पेश की थी। मजबूत इरादों वाली रायमति ने अपने भाइयों और शिक्षकों के साथ मिलकर अपने माता पिता को इस योजना को टालने के लिये राजी किया था। अब रायमति एक स्थानीय स्कूल में इंटरमीडिएट की छात्रा है और इस कुरीति के खिलाफ अपने समुदाय के लोगों को जागरुक करने के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं की मदद कर रही है। आदिवासी बहुल जिला में गहरे तक पैठ बना चुकी बाल विवाह की कुरीति को रेखांकित करते इस कार्यक्रम में कई और बच्चों ने भी अपनी सफल कहानियां साझाा कीं। जिले के पोट्टांगी ब्लॉक के अंतर्गत थूरिया गांव के आनंदा पांगी ने बताया कि जब वह सिर्फ 16 साल के थे तभी उनके माता पिता ने उनकी शादी तय कर दी थी। उन्होंने कहा, मैंने इसका विरोध किया क्योंकि मैं पढ़ना चाहता था। मेरे फैसले ने मेरे माता पिता का दिल तोड़ दिया। लेकिन मैं खुश हूं क्योंकि अब मैं अपने दम पर अपना कॅरियर बनाने के लायक बन जांगा।

जिंदल मिल में 5 की हत्या के रहस्य से हटा पर्दा

नई दिल्ली ,06 दिसंबर (ए)। मानसरोवर पार्क में इस साल की सबसे बड़ी मर्डर मिस्ट्री के मामले में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक महिला समेत 8 लोगों को हिरासत में लेकर लंबी पूछताछ के बाद 5 को गिरफ्तार कर लिया है। इस साल अक्टूबर में मानसरोवर पार्क इलाके में 5 लोगों की हत्या हुई थी। जिन लोगों को हिरासत में लिया है उनमें मृत गार्ड की पत्नी, बेटा व दामाद हैं। क्राइम ब्रांच के आधिकारिक सूत्रों का दावा है कि यही लोग सामूहिक हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता हैं। पूरी वारदात का मुख्य मकसद लूटपाट करना था।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि मारा गया गार्ड राकेश भी इस पूरी साजिश का एक हिस्सा था, लेकिन बाद में उसे भी मौत के घाट उतार दिया गया। सूत्रों के अनुसार, हिरासत में लिए गए सभी लोग इस हत्याकांड को अंजाम देने और उसमें शामिल होने की बात स्वीकार चुके हैं। चूंकि, रात भर हुई पूछताछ में कुछ पॉइंट्स पर उनके बयानों में विरोधाभास आ रहा है, इसलिए पुलिस उनकी गिरफ्तारी से पहले महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाने में लगी थी। क्राइम ब्रांच गुरूग्राम के प्रद्युम्न केस से सबक लेते हुए किसी तरह की जल्दबाजी से बचना चाह रही थी, यही कारण है कि गिरफ्तारी से पहले पुलिस के आला अधिकारी सारी कड़ियों को जोड़ लेना चाहते थे, ताकि कोई सवाल या विरोधाभास बाकी न रहे।

क्राइम ब्रांच के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की पुष्टि की। उन्होंने हत्याकांड का मुख्य मकसद लूटपाट बताया। जिन लोगों को हिरासत में लिया गया, उनमें मारे गए गार्ड राकेश की पत्नी कृष्णा (55) के अलावा अनुज, विकास, सन्नी, विकास उर्फ विक्की, नीरज, नीतिन व दीपक शामिल हैं। अनुज कृष्णा का बेटा है। विकास दामाद है। विकास और नीतिन गुरुतेग बहादुर अस्पताल में सफाई कर्मचारी हैं। इनके पास से कुछ जूलरी बरामद की गई हैं।

गार्ड ने ही रची थी साजिश : संदिग्धों ने किया खुलासा

पुलिस सूत्रों के अनुसार, हिरासत में लिए गए संदिग्धों से पूछताछ में जो कहानी निकल कर आई है, उसका सिरा मृतक राकेश से शुरू होता है। राकेश की पत्नी कृष्णा और बेटे अनुज यह दावा कर रहे हैं कि राकेश ने ही उन्हें जिंदल परिवार की महिलाओं के बारे में बताया था। जानकारी दी थी कि घर की महिलाओं के पास काफी रुपये और गहने हैं। यह बात राकेश ने अगस्त महीने में उस समय अपनी पत्नी व बेटे को बताई थी, जब वह रक्षाबंधन पर घर गया था। तभी से वारदात की साजिश की शुरुआत हुई। कृष्णा ने यह जानकारी अपने दामाद विकास से साझा की।

अम्बेडकर से जुड़े स्थलों को भाजपा ने दिया महत्व : योगी

लखन 6 दिसम्बर (ए)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिर्फ भाजपा ने ही बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर से जुड़े स्थलों को सम्मान देकर उन्हें पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया है। योगी ने अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर यहां आयोजित कार्यक्रम में कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी। पहली बार अम्बेडकर से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों को महत्व दिया गया। उनकी जन्मभूमि को, इंग्लैंड में रहकर जहां उन्होंने शिक्षा अर्जित की थी उस स्थल को, दिल्ली में उनके राजकीय आवास को, नागपुर में दीक्षा भूमि को और मुम्बई में उनके अंतिम संस्कार स्थल को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया।

बाबा साहब अम्बेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व के प्रति देश आभार व्यक्त कर सके, ऐसी भावना सदैव प्रधानमंत्री की रही है, इसलिये इन पंचतीर्थों को विकसित करके अम्बेडकर से जुड़े इन स्थलों के माध्यम से अनुसूचित जाति, जनजाति, वंचितों और गरीबों के लिये इस सरकार ने अनेक कार्यक्रम शुरू किये हैं। योगी ने कहा कि अम्बेडकर ने इंग्लैण्ड में जहां शिक्षा प्राप्त की थी, उस भवन को केन्द्र तथा महाराष्ट्र सरकार ने लेकर उसमें भारत से जाने वाले अनुसूचित जाति, जनजातियों के बच्चों के पढ़ने और उनके लिये विशेष छात्रवृाि लागू की है। साथ ही स्टैंडअप योजना के जरिये इस देश की प्रत्येक बैंक शाखा को अनुसूचित जाति, जनजाति एवं महिला उद्यमियों को स्वावलम्बन की ओर अग्रसर करने के लिये 10 लाख से लेकर एक करोड़ रुपये तक की धनराशि उपलब्ध कराने के लिये प्रेरित किया गया । सिर्फ उार प्रदेश में ही ऐसे 33 हजार उद्यमी प्रतिवर्ष लाभान्वित हो पाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, संविधान के शिल्पी के रूप में अम्बेडकर को सर्वोच्च सम्मान प्रदान करते हुए प्रदेश के हर सरकारी कार्यालय में बाबा साहब अम्बेडकर की तस्वीर सम्मानजनक ढंग से स्थापित की जाए, इसकी व्यवस्था हम प्रदेश में पूरी तत्परता के साथ करेंगे। उन्होंने कहा, हम लोगों की भावनाएं है कि अम्बेडकर से जुड़े सभी स्थलों को सम्मानजनक स्थान मिले। प्रदेश में किसी भी तरह के सामाजिक या आर्थिक भेदभाव का कोई स्थान नहीं है। प्रदेश में भाईचारे की स्थापना हो, इसके लिये सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर को भी भुगतना पड़ा। मध्य प्रदेश के महू जैसी छोटी जगह पर जन्मे अम्बेडकर ने उन सामाजिक बुराइयों को सहन करते हुए भी समाज के सामने एक मानक स्थापित करते हुए दुनिया में शिक्षा की उच्चतम डिग्री हासिल की और भारत वापस आकर देश में संविधान के शिल्पी के रूप में अभूतपूर्व योगदान दिया,वह अविस्मरणीय और अभिनन्दनीय है।

अयोध्या पर शीर्ष अदालत का फैसला सभी को स्वीकार्य होना चाहिए : कांग्रेस

अहमदाबाद,6 दिसम्बर (ए.)। कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि उनकी पार्टी यह निरंतर कहती आई है कि सरकार और राजनीतिक दलों को उच्चतम न्यायालय से सलाह करने के बाद जल्द से जल्द राम जन्मभूमि मुद्दे पर फैसला करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में शीर्ष अदालत का आदेश सभी को स्वीकार्य होना चाहिए। उनकी इन टिप्पणियों से पहले भाजपा प्रमुख अमित शाह ने कांग्रेसी नेता राहुल गांधी और उनकी पार्टी से राम जन्मभूमि मामले पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा।

जिग्नेश मेवाणी ने बीजेपी पर लगाया हमले का आरोप

अहमदाबाद 6 दिसम्बर (ए)। गुजरात विधानसभा चुनावों में बतौर निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में ताल ठोंक रहे दलित नेता जिग्नेश मेवाणी ने आरोप लगाया कि बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उन पर हमला किया। वडगाम सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे जिग्नेश ने ट्विटर पर जानकारी देते हुए कहा, दोस्तों आज मुझ पर बीजेपी के लोगों ने तकरवाड़ा गांव में अटैक किया। बीजेपी भयभीत हो गई है, इसलिए ऐसी हरकत कर रही है। पर मैं तो एक आंदोलनकारी हूँ, न डरूंगा न तो झुकूंगा पर बीजेपी को तो हराऊंगा ही। जिग्नेश ने अगले ट्वीट में पीएम मोदी को संबोधित करते हुए कहा, सादर प्रणाम - मैं भी गुजरात का बेटा हूं। मोदी जी दिल बड़ा रखा करो, छाती भले 56 इंच की हो या ना हो। जो जीत रहा हो उस पर हमला करवाओ, ये आइडिया आपका है या अमित शाह का? क्योंकि ये गुजरात की तो परंपरा है नहीं। गौरतवब है कि जिग्नेश वडगाम विधानसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में दलित नेता के रूप में उभरे मेवानी की दलित समाज में अच्छी पकड़ है। वडगाम के आरक्षित सीट से उनकी उम्मीदवारी के बाद मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने यहां से अपने वर्तमान विधायक को दूसरी सीट पर शिफ्ट कर दिया है।

अवैध और असंवैधानिक है शरद यादव की राज्यसभा सदस्यता छिनना : केजरीवाल

नई दिल्ली 6 दिसम्बर (ए)। जेडीयू के पूर्व नेता शरद यादव की राज्यसभा सदस्यता रद्द होने को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने राजनीतिक साजिश करार दिया है। अरविंद केजरीवाल ने बुधवार सुबह ट्वीट किया, शरद यादव जी की सदस्यता को खत्म को करना असंवैधानिक और अवैध है। यह राजनीतिक साजिश है। हम इसकी पुरजोर निंदा करते हैं और उनकी सदस्यता बहाल करने की मांग करते हैं। इससे पहले लालू यादव ने भी शरद यादव और अली अनवर की सदस्यता छिनने को लेकर कहा था कि उन्हें ईर्ष्या के कारण हटा दिया गया है। लालू ने कहा कि जशरद यादव और अली अनवर की राज्यसभा सदस्यता समाप्त करने पर जनता तय करेगी कि इन लोगों का कसूर क्या था। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति ने समता पार्टी के समय से मदद की उसे ईर्ष्या और जलन के कारण हटा दिया गया। यही नहीं नीतीश कुमार के हाथ पकड़ने वाले बयान पर लालू ने कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बार-बार मेरे पास टीका लगवाने आते थे और मैंने कभी आशीर्वाद देने में ढिलाई नहीं की। वह (नीतीश) खुद मेरे और राबड़ी के पास चल कर आए और बोले कि अब हम लोगों का तो राजनीति में उम्र हो गया है। आने वाला दिन बच्चों का ही है। बिहार में जेडीयू के लालू यादव की पार्टी आरजेडी को छोड़कर एनडीए के साथ गठबंधन करने के बाद से ही शरद यादव और जेडीयू प्रमुख नीतीश कुमार में संबंध खराब हो गए थे।

चांद पर रोबोट स्टेशन स्थापित करने की योजना बना रहा है चीन



बीजिंग 6 दिसम्बर (ए)। चीन चंद्रमा पर एक रोबोट स्टेशन स्थापित करने की योजना बना रहा है ताकि वह पृथ्वी के एकमात्र उपग्रह के भूगोल पर बड़ा और व्यापक प्रयोगात्मक अनुसंधान कर सके। पीकिंग विश्वविद्यालय में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रोफेसर जिआओ वीशिन ने बताया कि इस स्टेशन से पृथ्वी पर पत्थरों के नमूने लाने की लागत घट सकती है। उन्होंने बताया कि एक सतत रोबोट स्टेशन चंद्रमा के भूगोल के अध्ययन को आगे बढ़ाने में सहायक होगा और उसके पास ''चन्द्रमा पर भेजे गए रोवरों की तुलना में बेहतर ऊर्जा दक्षता होगी क्योंकि स्टेशन एक बहुत बड़ा सौर ऊर्जा जनरेटर तैनात कर सकता है।'' शंघाई में पूर्व में एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में योजना के बारे में घोषणा करने वाले अंतरिक्ष अधिकारियों के हवाले से सरकारी ग्लोबल टाइम्स ने खबर दी है कि स्टेशन से बड़े, अधिक जटिल अनुसंधान और प्रयोग किये जा सकते हैं।चीन के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम में कई मानव मिशन, स्थायी अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण और मंगल ग्रह तक पहुंचना आदि शामिल हैं।

नॉर्थ कोरिया से संबंध तोड़ने की मांग रूस ने ठुकराई

मॉस्को 6 दिसम्बर (ए)। नॉर्थ कोरिया से संबंध तोड़ने की अमेरिका की मांग को रूस ने ठुकरा दिया है। साथ ही कहा कि अमेरिका नॉर्थ कोरिया के नेता किम जोंग-उन को भड़काने के लिए सब कुछ कर रहा है। अमेरिका ने एक दिन पहले चेतावनी दी थी कि युद्ध हुआ तो उत्तर कोरियाई नेतृत्व पूरी तरह से नष्ट हो जायेगा। अमेरिका ने सभी देशों से नॉर्थ कोरिया के साथ राजनयिक और व्यापारिक संबंध खत्म करने का आह्वान किया है। गौरतलब है कि उत्तर कोरिया ने हाल ही में अपना तीसरा ढ्ढष्ट्ठक्च्रूपरीक्षण किया है। उसने दावा किया है कि यह अंतर-महाद्वीपीय बलिस्टिक मिसाइल अमेरिका में किसी भी जगह हमला करने में सक्षम है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने नॉर्थ कोरिया के साथ संबंध तोड़ने के वॉशिंगटन के आह्वान को खारिज कर दिया। उन्होंने बेलारूस की राजधानी में पत्रकारों से कहा कि हम इसे नकारात्मक ढंग से देखते हैं।